# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)


---

**पत्रांकः– 47 /गोपन/2025–26** **दिनांकः 21 मई, 2025**

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–68/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 31 जनवरी, 2025 के क्रम में जल संस्थान उत्तराखण्ड के अंतर्गत विज्ञापित **कैमिस्ट** के रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किया था। आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या 41/गोपन/2025–26 दिनांक 16 मई, 2025 के क्रम में उक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा मा0 न्यायालय में योजित याचिका संख्या 145/2025 महावीर लाल व अन्य में पारित निर्णयानुसार स्थगित की गयी थी।

उक्त संदर्भित याचिका में ही मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल के आदेश दिनांक 16 मई, 2025 के अनुसार आयोग के विज्ञापन संख्या 68/उ0अ0से0च0आ0/2025 दिनांक 31 जनवरी, 2025 में विज्ञापित फार्मासिस्ट के पदों को छोड़कर अन्य पदों के संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही पर लगायी गयी रोक हटा दी गयी है।

तद्क्रम में फार्मासिस्ट के पदों को छोड़कर केवल **कैमिस्ट** के पदों की लिखित परीक्षा दिनांक **25 मई, 2025(रविवार)** को एकल सत्र में **अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 21 मई, 2025 से आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित किये जा रहे हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा डाउनलोड प्रवेश–पत्र पर बार–कोड भी अंकित हो। लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश–पत्र एवं पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

**(हिमांशु कफल्टिया)**
**परीक्षा नियंत्रक।**